पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

# दुर्गा, दिवाली एवं छठ त्यौहारों के दौरान पश्चिम मध्य रेल से पूजा स्पेशल ट्रेनों की 80 सेवाएं चलेंगी

जबलपुर 25 अगस्त। रेल प्रशासन द्वारा दुर्गा, दिवाली एवं छठ त्यौहारों के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में **पश्चिम मध्य रेल पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति, जबलपुर-दानापुर-जबलपुर, सोगरिया-दानापुर-सोगरिया, रीवा-रानी कमलापति-रीवा एवं रीवा-डॉ.अम्बेडकर नगर-रीवा के मध्य पूजा स्पेशल ट्रेनों की 80 सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है।** इन स्पेशल ट्रेनों में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। इन पूजा स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है :-

**रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति पूजा स्पेशल ट्रेन (11-11 फेरे)**

01667 पूजा स्पेशल ट्रेन दिनांक 27.09.2025 से 01.11.2025 तक द्वि-साप्ताहिक शनिवार एवं मंगलवार को दोपहर 14:25 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर पहुँचेगी। (11 सेवाएं)
01668 पूजा स्पेशल ट्रेन दिनांक 28.09.2025 से 02.11.2025 तक द्वि-साप्ताहिक रविवार एवं बुधवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 08:55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। (11 सेवाएं)

**ठहराव :-** नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरारोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा।

**जबलपुर-दानापुर-जबलपुर पूजा स्पेशल ट्रेन (12-12 फेरे)**

01701 पूजा स्पेशल ट्रेन दिनांक 26.09.2025 से 05.11.2025 तक द्वि-साप्ताहिक बुधवार एवं शुक्रवार को रात 19:35 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर पहुँचेगी। (12 सेवाएं)
01702 पूजा स्पेशल ट्रेन दिनांक 27.09.2025 से 06.11.2025 तक द्वि-साप्ताहिक गुरुवार एवं शनिवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से रवाना होगी और अगले दिन भोर 04:15 बजे जबलपुर पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

**ठहराव :-** सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा।

**सोगरिया-दानापुर-सोगरिया पूजा स्पेशल ट्रेन (06-06 फेरे)**

09817 सोगरिया से दानापुर पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27 सितम्बर से 01 नवम्बर 2025 तक सोगरिया स्टेशन से रात 23:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रविवार को 23:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। (06 सेवाएं)
09818 दानापुर से सोगरिया पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29 सितम्बर से 03 नवम्बर 2025 तक दानापुर स्टेशन से मध्यरात्रि 01:15 बजे प्रस्थान कर मंगलवार को मध्यरात्रि 01:10 बजे सोगरिया पहुंचेगी। (06 सेवाएं)

**ठहराव :-** बारां, सालपुरा, छबरा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोकनगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा।

**रीवा-रानी कमलापति-रीवा पूजा स्पेशल ट्रेन (06-06 फेरे)**

02192 रीवा से रानी कमलापति पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27 सितम्बर से 01 नवम्बर 2025 तक रीवा स्टेशन से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात 21:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। (06 सेवाएं)
02191 रानी कमलापति से रीवा पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27 सितम्बर से 01 नवम्बर 2025 तक रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:20 बजे रीवा पहुंचेगी। (06 सेवाएं)

**ठहराव :-** सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना एवं विदिशा।

**रीवा-डॉ.अम्बेडकर नगर-रीवा पूजा स्पेशल ट्रेन (05-05 फेरे)**

01704 रीवा से डॉ.अम्बेडकर नगर पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27 सितम्बर से 25 अक्टूबर 2025 तक रीवा स्टेशन से रात 22:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 15:05 बजे डॉ.अम्बेडकर नगर स्टेशन पहुंचेगी। (05 सेवाएं)
01703 डॉ.अम्बेडकर नगर से रीवा पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार को दिनांक 28 सितम्बर से 26 अक्टूबर 2025 तक डॉ.अम्बेडकर नगर स्टेशन से रात 21:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 13:30 बजे रीवा पहुंचेगी। (05 सेवाएं)

**ठहराव :-** सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, भोपाल, संत हिरदाराम नगर, सीहोर, सुजालपुर, मक्सी, देवास एवं इंदौर।

**रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।**

रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और पूजा स्पेशल ट्रेनों के ठहराव के विस्तृत समय-सारिणी के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/331/2025 दिनांक 25.08.2025
सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर